


नवभारत

भोपाल, गुरुवार, 4 जून, 2026


# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

## कहा- हम अपना अधिकार मांगते, नहीं किसी से भीख मांगते, चार घंटे से ज्यादा चला धरना, लगाए नारे

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** हम भारत की नारी हैं, फूल नहीं चिंगारी हैं और हम अपना अधिकार मांगते, नहीं किसी से भीख मांगते जैसे गगनभेदी नारों के साथ कलेक्ट्रेट परिसर बुधवार को गूंज उठा। मप्र आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता महासंघ ने भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले सैकड़ों कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने अपनी लंबित मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट के सामने करीब 4 घंटे से अधिक समय तक उग्र धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान पंडाल में बैठीं महिला कार्यकर्ता हाथों में अपनी मांगों की तख्तियां लिए नारेबाजी करती दिखीं। इसके बाद मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को 10 सूत्रीय मांगों का एक ज्ञापन सौंपा गया। आंगनबाड़ी




संगठन की अध्यक्ष ने कहा कि महिला बाल विकास विभाग के अंतर्गत वे पिछले कई दशकों से शासन की हर छोटी-बड़ी योजनाओं को जमीनी स्तर पर क्रियान्वित कर रही हैं। लाड़ली बहना योजना, बीएलओ ड्यूटी, जनगणना, और स्वास्थ्य सर्वे जैसे कई गैर-विभागीय काम भी उनसे जबरन कराए जाते हैं। इसके बावजूद उन्हें बेहद कम मानदेय दिया जाता है और काम न करने पर सेवा से हटाने या मानदेय काटने की धमकी दी जाती है, जिससे कार्यकर्ताओं में भारी मानसिक और आर्थिक असंतोष है।

### नियमितीकरण सहित रखी अन्य मांगें

बुधवार को सौपे ज्ञापन में संगठन द्वारा कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को राज्य कर्मचारी का दर्जा देकर नियमित किया जाने, सेवानिवृत्ति के बाद जीवनयापन के लिए कम से कम 5000 रुपये मासिक पेंशन लागू किये जाने, केंद्रीय कर्मचारियों के समान ही रिटायरमेंट की आयु सीमा को बढ़ाकर 65 वर्ष किये जाने, मानदेय में की जा रही विसंगतियों और कटौतियों को बंद कर महंगाई के अनुपात में वेतन बढ़ाया जाने, सेवाकाल के दौरान कार्यकर्ता या सहायिका की मृत्यु होने पर उसकी बहू या बेटी को अनुकंपा नियुक्ति दिये जाने, कार्य के दौरान आकस्मिक मृत्यु होने पर पीड़ित परिवार को कम से कम 5 लाख रुपये की सांत्वना दिये जाने, आंगनबाड़ी केंद्रों पर टेक होम राशन की आपूर्ति हर महीने सीधे केंद्रों पर ही सुनिश्चित कराई जाने, कार्यकर्ताओं की पदोन्नति में आड़े आने वाले आयु सीमा के बंधन को हटाकर वरिष्ठता के आधार पर प्रमोशन दिये जाने, महिला बाल विकास विभाग के मूल कार्यों के अतिरिक्त अन्य सभी प्रकार के शासकीय सर्वे और वीआईपी ड्यूटियों से मुक्त रखे जाने की मांग की गईहै। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि शासन स्तर पर उनकी इन जायज मांगों पर जल्द ही सहानुभूतिपूर्वक विचार नहीं किया गया, तो आने वाले समय में संपूर्ण काम बंद कर चरणबद्ध तरीके से बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा।



# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत यात्रा करने वाले बुजुर्गों को बांटे टिकट

**नपा कार्यालय में नपाध्यक्ष ने किया वितरण**

**यात्रा को लेकर सभी को दीं शुभकामनाएं**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** मध्य प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत अशोकनगर के 62 वरिष्ठ नागरिकों के तीर्थ यात्रा पर जाने का रास्ता साफ हो गया है। नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने एक गरिमामय कार्यक्रम के दौरान सभी चयनित वरिष्ठ तीर्थ यात्रियों को यात्रा टिकट वितरित किए और उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की। टिकट वितरण के अवसर पर तीर्थ यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्री मानोरिया ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की जनकल्याणकारी योजनाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक बेहद पवित्र और महत्वपूर्ण पहल है।

इसके माध्यम से हमारे बुजुर्गों को विभिन्न पावन तीर्थ स्थलों के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होता है। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान, रामेश्वर शर्मा, देवराज कुशवाहा सहित नगर पालिका का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### खेत जोतते समय खाई में ट्रैक्टर पलटने से किसान की मौत, साथी घायल

**नवभारत अशोकनगर।** जिले के केशोपुर गांव में बुधवार सुबह खेत जोतते समय एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां ट्रैक्टर पलटने से 36 वर्षीय किसान रामेश्वर तिवारी पुत्र हरि नारायण तिवारी की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रामेश्वर तिवारी अपने घर से ट्रैक्टर लेकर खेत की जुताई करने गए थे और उनके साथ एक अन्य व्यक्ति भी मौजूद था। खेत में ट्रैक्टर को रिवर्स करते समय वह अनियंत्रित होकर पीछे एक गहरी खाई में पलट गया। इस हादसे में रामेश्वर तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें और उनके साथी को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने रामेश्वर तिवारी को मृत घोषित कर दिया। घायल साथी का इलाज अभी जारी है। पुलिस ने जिला अस्पताल में मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर उसे परिजनों को सौंप दिया है।

## एक नजर में

### चंदेरी की बेटी का कमाल, नियति का देश के एकमात्र IIT लॉ प्रोग्राम में चयन



**नवभारत चंदेरी।** ऐतिहासिक नगरी चंदेरी की एक होनहार छात्रा ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सफलता का परचम लहराकर पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। चंदेरी के फूटा कुआं निवासी नियति रायकवार का चयन देश के सबसे प्रतिष्ठित संस्थान भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) खड़गपुर के मास्टर ऑफ लॉ (LLM) पाठ्यक्रम में हुआ है। नियति यहां इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स (IPR) विशेषज्ञता में अपनी उच्च शिक्षा पूरी करेंगी। गौरतलब है कि IIT खड़गपुर देश का एकमात्र ऐसा IIT संस्थान है, जो लॉ (LLM) कार्यक्रम संचालित करता है। इस बेहद प्रतिष्ठित पाठ्यक्रम में प्रवेश पाने के लिए देश भर से हजारों मेधावी छात्र प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होते हैं। इसमें भी इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स (IPR) जैसी महत्वपूर्ण विशेषज्ञता के लिए पूरे देश में केवल 30 सीटें ही उपलब्ध हैं। इन सीमित सीटों में अपनी जगह पक्की कर नियति ने साबित कर दिया है कि प्रतिभा किसी बड़े शहर की मोहताज नहीं होती।

**ऐतिहासिक नगरी से शुरू हुआ था सफर:**

नियति रायकवार पुत्री रामचरण रायकवार एवं राजकुमारी रायकवार की शुरुआती शिक्षा चंदेरी में ही हुई। उन्होंने अपनी उच्च माध्यमिक शिक्षा चंदेरी के ही एक्सीलेंस हायर सेकेंडरी स्कूल से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने कानूनी शिक्षा के क्षेत्र में कदम रखा और गवर्नमेंट न्यू लॉ कॉलेज, इंदौर से अपनी बीएएलएलबी (BA,LLB) की पढ़ाई पूरी की। नियति की इस शानदार सफलता पर चंदेरी क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, परिजनों और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त किया है। सभी ने नियति को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। नियति की यह उपलब्धि क्षेत्र के अन्य युवाओं के लिए भी एक बड़ी प्रेरणा बनेगी।

### जिला कांग्रेस कमेटी ने की मांग, मतदाता सूची से हटाए जाएं दोहरे नाम

**नवभारत अशोकनगर।** जिला कांग्रेस कमेटी अशोकनगर के जिला निर्वाचन प्रभारी अशोक शर्मा (बड़े भैया) ने जिले की मतदाता सूचियों में व्याप्त विसंगतियों को लेकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को एक पत्र सौंपा है। पत्र में नगर पालिका और नगर परिषद की मतदाता सूचियों का गहन परीक्षण कर दोहरे नामों को हटाने की मांग की गई है। पत्र के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारी का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा गया है कि जिले की नगरीय निकायों की मतदाता सूचियों के अवलोकन से यह साफ होता है कि अनेक मतदाताओं के नाम ग्राम पंचायत की सूची के साथ-साथ शहर (नगर पालिका/नगर परिषद) की सूची में भी दर्ज हैं। मकान बदलने या अन्य कारणों से एक ही व्यक्ति का नाम दो अलग-अलग स्थानीय निकायों की मतदाता सूचियों में शामिल है, जो निर्वाचन नियमों और मतदाता सूची की शुद्धता के खिलाफ है। वहीं उन्होंने मांग की है कि इन सूचियों का गहन परीक्षण और भौतिक सत्यापन कराया जाए। दो स्थानों पर दर्ज नामों को नियमानुसार हटाकर मतदाता सूची को शुद्ध व त्रुटिरहित बनाया जाए, जिससे आगामी निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न हो सके।

# पर्यावरण संदेश के साथ विकास का जायजा

## साइकिल से पानी की टंकी का निरीक्षण करने पहुंचे नपाध्यक्ष मनोरिया

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** शहर में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अमृत 2.0 योजना के तहत तेजी से विकास कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने ईदगाह क्षेत्र में निर्माणाधीन पानी की टंकी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों व ठेकेदारों को गुणवत्ता बनाए रखते हुए समय सीमा में काम पूरा करने के कड़े निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि अमृत 2.0 योजना के तहत शहर के विभिन्न हिस्सों में जल संकट को दूर करने



के लिए कुल 5 पानी की टंकियों का निर्माण किया जा रहा है। ये टंकियां त्रिलोकपुरी कॉलोनी, ऊर्जा कॉलोनी, ईदगाह मोहल्ला, नवीन बस स्टैंड और श्री शिव टोरिया फिल्टर प्लांट के पास बनाई जा रहीं है। जिनका निर्माण कार्य अब लगभग पूर्णता की ओर है। इनके शुरू होते ही शहरवासियों को बेहतर, स्वच्छ और सुचारु पेयजल सप्लाई का लाभ मिलने लगेगा।

**पीएम मोदी के आह्वान पर साइकिल से नगर भ्रमण:**

इस निरीक्षण की खास बात यह रही कि नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया साइकिल चलाकर ईदगाह क्षेत्र पहुंचे थे। दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पर्यावरण संरक्षण और ईंधन बचत के आह्वान से प्रेरणा लेते हुए नपा अध्यक्ष प्रतिदिन साइकिल से ही नगर भ्रमण कर रहे हैं और विकास कार्यों की जमीनी हकीकत देख रहे हैं। नगर पालिका अध्यक्ष की इस अनूठी कार्यशैली और अमृत 2.0 योजना के तहत हो रहे विकास कार्यों की शहरवासियों ने जमकर सराहना की है।



# विधायक ने सीएम से की मुलाकात खाद की समस्या से कराया अवगत

नवभारत न्यूज

**मुंगावली।** विगत दिवस क्षेत्र के किसानों की समस्याओं और खाद की उपलब्धता को लेकर मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव ने तत्परता दिखाते हुए विधायक ने क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ मुख्यमंत्री मोहन यादव से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जिले में खाद की वर्तमान स्थिति और जनहित से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की और मुख्यमंत्री को जमीनी हकीकत से अवगत कराया।

इस दौरान विधायक श्री यादव ने मुख्यमंत्री को बताया कि कृषि सीजन में किसानों को खाद के लिए किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए वितरण व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने की आवश्यकता है। उन्होंने ई-टोकन प्रणाली को और अधिक व्यावहारिक और सुदृढ़ बनाने की मांग रखी। ताकि वितरण केंद्रों पर भीड़ न लगे। वही खरीफ फसल सीजन को देखते हुए जिले में खाद का पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित करने की भी मांग की।

# जन्मदिन पर विधायक पुत्र ने दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

## ज्ञानालय परिवार ने की अनूठी पहल, वाहन चालकों को समझाइश के साथ वितरित किए हेलमेट

नवभारत न्यूज

**मुंगावली।** सामाजिक सरोकारों में हमेशा अग्रणी रहने वाले ज्ञानालय परिवार ने एक बार फिर समाज के सामने मानवता और जागरूकता की मिसाल पेश की है। ज्ञानालय परिवार के मुखिया एवं विधायक पुत्र अर्जुन सिंह यादव ने अपने जन्मदिन के अवसर पर किसी तामझाम या फिजूलखर्ची के बजाय लोगों की जिंदगी सुरक्षित करने का संकल्प लिया। अर्जुन सिंह यादव ने ज्ञानालय परिवार के सदस्यों और स्थानीय पुलिस प्रशासन के सहयोग से नवीन पुलिस थाने के पास एक विशेष सड़क सुरक्षा अभियान चलाया। इस अभियान के तहत रास्ते से बिना हेलमेट गुजरने वाले दुपहिया वाहन चालकों को रोककर उन्हें न केवल समझाइश दी गई बल्कि ज्ञानालय परिवार की ओर से मुफ्त में हेलमेट भी वितरित किए गए। बता दें कि ज्ञानालय परिवार के मुखिया अर्जुन सिंह यादव अक्सर सड़क दुर्घटनाओं में घायल होने वाले अज्ञात लोगों की मदद के लिए तत्पर रहते हैं। वे और उनकी टीम दुर्घटना में घायल लोगों को तुरंत अस्पताल पहुंचाने का सराहनीय कार्य करती रही है।




**पुलिस प्रशासन ने की सराहना:**

अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों ने भी चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। पुलिस प्रशासन ने अर्जुन सिंह यादव और ज्ञानालय परिवार के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियानों से जनता में कानून के प्रति सम्मान और अपनी सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी की भावना बढ़ती है। अर्जुन सिंह यादव ने सभी से अपील की कि वे फैशन के लिए नहीं बल्कि अपने परिवार और अपनी जिंदगी के लिए हेलमेट जरूर लगाएं। इस मौके पर ज्ञानालय परिवार के दर्जनों सदस्य और थाना प्रभारी अरविंद सिंह कछुवाह सहित पुलिस बल के जवान मौजूद रहे। बिना हेलमेट चल रहे लोग पहले तो पुलिस को देखकर सहम गए लेकिन जब उन्हें डांट के बजाय सुरक्षा कवच (हेलमेट) मिला तो उन्होंने अर्जुन यादव को जन्मदिन की बधाई दी और भविष्य में हमेशा हेलमेट पहनने का वादा किया।

**पिपरई हादसे का दिया हवाला:**

इस अवसर पर लोगों को जागरूक करते हुए अर्जुन यादव ने हाल ही में पिपरई के पास हुई एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना का जिक्र किया उन्होंने बताया कि हाल ही में पिपरई के पास एक सड़क हादसा हुआ था जिसमें एक बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई थी। हमारी ज्ञानालय परिवार की टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया जिससे उसकी जान बच सकी। लेकिन अगर उस बच्ची ने हेलमेट पहना होता तो उसे सिर पर इतनी गंभीर चोटें नहीं आतीं।

## धर्म-कर्म

### कैशलोन में 21 कुंडीय श्री विष्णु महायज्ञ प्रारंभ

# पुरुषोत्तम मास में यज्ञ का संयोग अति दुर्लभ : बापू

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** करीला माता धाम रोड के समीप स्थित ग्राम कैशलोन में पुरुषोत्तम मास (अधिक मास) के पावन अवसर पर 21 कुंडी श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्रीराम कथा का भव्य शुभारंभ हुआ। महायज्ञ के पहले दिन गांव में 108 कलशों के साथ भव्य यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा ने पूरे ग्राम का भ्रमण किया, जिसके बाद यज्ञ मंडप में आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ कलश स्थापना की गई।

इस दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए जगद्गुरु आचार्य देवमुरारी बापू ने कहा कि यज्ञ साक्षात भगवान विष्णु का स्वरूप है और पुरुषोत्तम मास भी प्रभु का ही रूप माना जाता है। इन दोनों का एक साथ मिलना अति दुर्लभ संयोग है। अधिक मास में किए गए यज्ञ और दान का हजार गुना पुण्य फल प्राप्त होता है। आज के व्यस्त दौर में जहां मानव के पास समय कम है, वहां इस यज्ञ में भाग लेना और कथा सुनना बड़े सौभाग्य की बात है।

**यज्ञ के दौरान रामलीला और कथा का होगा आयोजन:**

यज्ञ कर्ता महंत विष्णु दास (टकनेरी वाले) की देखरेख में यज्ञ की संपूर्ण व्यवस्थाएं की



गई हैं। अनुष्ठान के दौरान प्रतिदिन सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक 84 यजमानों द्वारा आहुतियां दी जाएंगी। इसके बाद शाम 4 से 7 बजे तक श्रीराम कथा और रात्रि 8 से 12 बजे तक भव्य रामलीला का मंचन होगा। इस धार्मिक आयोजन में जगद्गुरु देवमुरारी बापू, महंत विष्णु दास, यज्ञाचार्य पं. रामबाबू शास्त्री, पुजारी हरिओम शर्मा, मोहरी धाम के महंत गजानन महाराज और नमन नामदेव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### मारपीट का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** कोतवाली थाना अंतर्गत दुबे लॉज के पास मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। राजेंद्र जाटव निवासी शंकरपुर मगरदा ने शिकायत दर्ज कराई है कि आरोपी जगदीश जाटव ने उनके साथ अश्लील गाली-गलौज की, बेरहमी से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी खिलाफ बीएनएस की धारा के तहत मामला दर्ज किया है।

# श्रीराम जन्मोत्सव से राममय हुआ महिदपुर

नवभारत न्यूज

**नईसराय।** तहसील के अंतर्गत ग्राम महिदपुर में आयोजित हो रहे श्री 1008 श्री श्री 21 कुंडात्मक श्रीराम महायज्ञ के अंतर्गत चल रही श्रीराम कथा में बुधवार को भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। जैसे ही पंडाल में प्रभु के अवतरण का प्रसंग आया, पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और श्रद्धालुओं ने गगनभेदी जयघोषों के साथ भगवान का स्वागत किया। इस दौरान कथा व्यास पीठ पर विराजमान जगद्गुरु श्री रामानंदाचार्य श्री राम दिनेशाचार्य महाराज ने भगवान श्रीराम जन्म का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम का अवतार इस धरा पर धर्म, सत्य और मर्यादा की स्थापना के लिए हुआ था। श्रीराम केवल एक धार्मिक प्रतीक नहीं, बल्कि आदर्श जीवन के सच्चे मार्गदर्शक हैं। उनका जीवन मानव समाज के लिए आदर्शों की अमूल्य धरोहर है, जिससे हर व्यक्ति को जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में प्रेम, सद्भाव और संस्कारों को जीवित रखा जा सकता है।



**भक्ति के सागर में डूबे श्रद्धालु, हुई पुष्प वर्षा:**

कथा में जैसे ही भगवान के जन्म का समय आया, श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। पंडाल में मौजूद महिलाओं ने सोहर और मंगल गीत गाए, तो वहीं भक्तों ने उत्साह में आकर पुष्प वर्षा की। इस पावन अवसर पर भगवान की विशेष आरती उतारी गई, भजनों पर झूमते भक्तों ने आनंद लिया और बड़े पैमाने पर प्रसाद वितरण किया गया।

**संतों का मिला सानिध्य:**

इस भव्य आयोजन और महायज्ञ पर संतों की विशेष कृपा बरस रही है। यह पूरा धार्मिक अनुष्ठान पूज्य श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री पुरुषोत्तम दास महाराज एवं उनके कृपा पात्र श्री 108 पूज्य महावीर दास महाराज के पावन सानिध्य में संपन्न हो रहा है। इस धार्मिक समागम को सफल बनाने में कथा के मुख्य यजमान सुनील रघुवंशी, उमेश रघुवंशी, संजू रघुवंशी सहित समस्त ग्रामवासियों का सराहनीय सहयोग मिल रहा है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु, यज्ञ समिति के पदाधिकारी, क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

### अज्ञात ठग ने APK फाइल भेजकर उड़ाए 4.86 लाख

**अशोकनगर।** शहर के कबीरा रोड माता मंदिर निवासी गणेश पुत्र सीताराम ओझा ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार हो गए हैं। पुरानी गल्ला मंडी क्षेत्र में हुई इस घटना में एक अज्ञात आरोपी ने फरियादी के मोबाइल पर एक संदिग्ध एपीके APK फाइल भेजी। फाइल डाउनलोड होते ही फरियादी के खाते से 4,86,404 रुपये पार कर दिए गए। कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता BNS की धारा 318 (4), 319 (2) और 308 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


**न्यायालय तहसीलदार तहसील चंदेरी जिला अशोकनगर**

क्रमांक/ड-154/2025-26 चंदेरी दिनांक 02/06/2026

**//विज्ञप्ति//**

आवेदक सुखदेव कुशवाहा पुत्र नंदराम कुशवाहा निवासी ग्राम विक्रमपुर तहसील चंदेरी द्वारा अपनी माता रामबाई कुशवाहा पत्नि नंदराम कुशवाहा की मृत्यु दिनांक 07/03/2016 को ग्राम विक्रमपुर में होने का हवाला देकर उक्त मृत्यु का पंजीयन करने हेतु आदेश दिए जाने का निवेदन किया है। अत: प्रकरण में किसी भी व्यक्ति को अगर कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 10/06/2026 को इस न्यायालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है बाद म्याद गुजर जाने पर एक पक्षीय कार्रवाई की जावेगी

(दिलीप दरोगा)
तहसीलदार
तहसील चंदेरी, जिला अशोकनगर